# बिहार के मुख्यमंत्री ने ओलंपियन, पैरालंपिक एथलीटों को सम्मानित किया

## चर्चा में क्यों?

**पटना के ताज सिटी सेंटर** में **स्पोर्टस्टार फोकस बिहार कॉन्क्लेव** के दौरान, बिहार के मुख्यमंत्री ने **एथलीटों और** पैरा-एथलीटों को खेलों में उनकी उपलब्धियों और योगदान के लिये सम्मानित किया।

## प्रमुख बिंदु

- **सम्मानित किये गये खिलाड़ी:**
  - इस कार्यक्रम में उल्लेखनीय एथलीटों और पैरा-एथलीटों को सम्मानित किया गया, जिनमें शामिल हैं:
    - **दीपा मलिक,** पैरालंपिक रजत पदक विजेता।
    - **विजेंदर सिंह,** ओलंपिक कांस्य पदक विजेता मुक्केबाज।
    - **पी.आर. श्रीजेश,** हॉकी में दोहरे ओलंपिक कांस्य पदक विजेता।
    - **शरद कुमार,** दोहरे पैरालंपिक पदक विजेता।
    - **शिवा केशवन,** छह बार के शीतकालीन ओलंपियन।
    - **हरेंद्र सिंह,** भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच।
- **राज्य एथलीटों के लिये विशेष पुरस्कार:**
- स्पोर्टस्टार कॉन्क्लेव की परंपरा को ध्यान में रखते हुए, बिहार के एथलीटों को दो विशेष पुरस्कार दिये गए:
- डेकाथलीट **जय प्रकाश सिंह को अनसंग चैंपियन पुरस्कार** मिला।
- किशोर शतरंज प्रतिभा, **मोहम्मद रेयान को यंग अचीवर पुरस्कार** से सम्मानित किया गया।
- दोनों पुरस्कार विजेताओं को **50-50 हजार रुपए का नकद पुरस्कार** दिया गया।

## पैरालिंपिक्स

- **पैरालिंपिक्स** पैरा एथलीटों के लिये सबसे बड़ा अंतर्राष्ट्रीय आयोजन है और यह ओलंपिक खेलों के तुरंत बाद आयोजित किया जाता है।
- विकलांग एथलीटों के लिये ओलंपिक शैली के खेल **पहली बार वर्ष 1960 में रोम में आयोजित** किये गये थे।
- इसकी देखरेख **अंतर्राष्ट्रीय पैरालंपिक समिति (IPC)** द्वारा की जाती है, जो IOC द्वारा मान्यता प्राप्त निकाय है।

# ओलंपिक

## प्राचीन इतिहास

- उत्पत्ति - ओलंपिया, ग्रीस (776 ईसा पूर्व)
- ग्रीक संस्कृति से संबंधित
- प्रतियोगिता - दौड़, कुश्ती और रथ दौड़
- समापन - 393 ई. में सम्राट थियोडोसियस प्रथम द्वारा

## आधुनिक इतिहास

- पुनर्जीवित - 19वीं सदी के अंत में पियरे डी कुबर्टिन (IOC के संस्थापक सदस्य) द्वारा
- पहला आधुनिक ओलंपिक - एथेंस, ग्रीस (वर्ष 1896)

## आगामी प्रतियोगिताएँ

- **शीतकालीन ओलंपिक 2026:** मिलान और कॉर्टिना डी'एम्पेज़ो, इटली
- **ग्रीष्मकालीन ओलंपिक 2028:** लॉस एंजेलिस, संयुक्त राज्य अमेरिका
- **ग्रीष्मकालीन ओलंपिक 2032:** ब्रिस्बेन, ऑस्ट्रेलिया
- भारत वर्ष 2036 के ओलंपिक खेलों की मेज़बानी करेगा

## लोगो और मोटो/आदर्श वाक्य

- **लोगो:** श्वेत पृष्ठभूमि पर नीले, पीले, काले, हरे और लाल रंग के 5 इंटरलॉकिंग रिंग **(5 महाद्वीपों के सम्मिलन और विश्व एथलीटों का प्रतिनिधित्व करते हैं)**
- **आदर्श वाक्य:** सिटिअस, अल्टिअस और फोर्टिअस - कम्यूनिटर (अधिक तेज, उच्चतर, अधिक मज़बूत - एकजुट या साथ-साथ) ('कम्यूनिटर' को वर्ष 2021 में जोड़ा गया था)

## अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (IOC)

- स्थापना - वर्ष 1894
- ओलंपिक खेलों का संरक्षक
- मुख्यालय - लॉज़ेन, स्विटज़रलैंड

**टोक्यो में होने वाली वर्ष 2020 की ओलंपिक प्रतियोगिता में 5 नए खेल शामिल किये गए: सर्फिंग, स्केटबोर्डिंग, स्पोर्ट क्लाइम्बिंग, कराटे और बेसबॉल/सॉफ्टबॉल**

## पेरिस ओलंपिक 2024

**पदक तालिका में भारत 71वें स्थान पर; टोक्यो वर्ष 2020 में 48वें स्थान पर पहुँचा)**

| भारतीय खिलाड़ी/टीम | पदक | प्रतियोगिता |
|---|---|---|
| नीरज चोपड़ा | रज़त | पुरुष भाला फेंक |
| मनु भाकर और सरबजोत सिंह | कांस्य | 10 मीटर एयर पिस्तौल मिश्रित टीम स्पर्द्धा |
| स्वप्निल कुसाले | कांस्य | पुरुषों के 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन |
| भारतीय हॉकी टीम | कांस्य | पुरुष हॉकी |
| मनु भाकर | कांस्य | महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्द्धा |
| अमन सहरावत | कांस्य | पुरुषों की फ्रीस्टाइल 57 किग्रा कुश्ती स्पर्द्धा |

## भारतीय ओलंपिक संघ (IOA)

- स्थापना - **वर्ष 1927**
- ओलंपिक, एशियाई खेलों और राष्ट्रमंडल खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले एथलीटों का चयन करता है

Drishti IAS

h

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/bihar-cum-felicitates-olympians-paralympic-athletes